हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 11 दिसंबर 2024

11 धरना प्रदर्शन में बारदाने की कमी, टोकन वितरण में...



12 गरीबों के हमदर्द थे शहीद वीरनारायण : विधायक








प्रेम रतन पैलेस & रिसोर्ट
राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)
ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था
सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा
• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम
मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900
प्रबंधक की आवश्यकता है युवक-युवती संपर्क करें 9926133072


## खबर संक्षेप



### मवेशी से टकराई बाइक, युवक गंभीर

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के नेशनल हाईवे सरस्वती शिशु मंदिर के सामने कल सोमवार रात 9 बजे के आसपास मोटर सायकल सड़क पर बैठे मवेशी से टकराया जिससे मुकेश सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया और धमतरी इलाज के लिए परिजन ले गए है।

### स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में रक्तदान शिविर कल

**मुड़ागांव(कोरासी)।** मरीजों की बढ़ती जा रही समस्याओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान द्वारा निरंतर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आए दिन ब्लड जरूरतमंद मरीजों को डोनर ढूंढने में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे दूर करने संस्था द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं। ग्राम पंचायत खड़मा में रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार 12 दिसंबर को किया जा रहा है। जिले के समाजसेवी इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य मनोज पटेल ने बताया की हमारा प्रयास ग्रामीण अंचल के लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने निरंतर प्रयास किया जा रहा है और गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत सरपंच प्रेमाराम कंवर ने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने अपील की है।

# छात्राओं ने रो-रोकर बताया शिक्षक करते हैं बैड टच, परीक्षा में कम अंक देने की देते हैं धमकी

## मैनपुर हायर सेकण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक और शिक्षिकाओं पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित हायर सेकण्डरी स्कूल इन दिनों आखाड़ा में तब्दील हो गया है। यहां अध्ययन करने वाले लगभग 50 से ज्यादा छात्र-छात्राएं सोमवार को गरियाबंद जिला मुख्यालय पहुंच कर कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल से मुलाकात कर उन्हे लिखित ज्ञापन सौंपा। साथ ही मैनपुर हायर सेकण्डरी विद्यालय में पदस्थ कई शिक्षक शिक्षिकाओं पर कई गंभीर आरोप लगाए और बकायदा शिक्षकों के नामवार आरोप के ब्यौरा लिखित में गरियाबंद कलेक्टर को दिया है। जिसमें कौन-कौन शिक्षक द्वारा प्रताड़ित किया जाता है इसका उल्लेख किया गया है। शिकायत के दूसरे दिन मंगलवार को जब सुबह 11 बजे के आसपास स्कूल प्रारंभ हुई तो यहां स्कूल में पढ़ने वाले छात्र दो गुट में बटे नजर आए और छात्रों के बीच भारी हंगामा घमासान देखने को मिला। जिसका विडियों कई स्कूली छात्र- छात्रओं ने शोसल मिडिया में वायरल कर दिया देखते ही देखते बड़ी संख्या में छात्रों के पालक और स्थानीय वरिष्ठ जनप्रतिनिधी एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य जिम्मेदार नागरिक स्कूल पहुंचें और बच्चों को बहुत समझाया लेकिन इस दौरान पुलिस भी बुलाई पड़ गई। छात्रों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि वे ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ शिकायत के दूसरे दिन स्कूली बच्चे दो गुटो में बंटे और जमकर हुई झूमाझटकी



### पालकों के सामने छात्राओं ने शिक्षक पर लगाया बैडटच का आरोप

पालको एवं जनप्रतिनिधियों ने जब बच्चों को स्कूल में शांत कराया और उन्हे एक साथ बिठाया। इस दौरान छात्रओं ने रो-रोकर संस्था के एक शिक्षक पर बैडटच का आरोप लगाया साथ ही गलत तरीके से स्कूली छात्राओं से व्यवहार करने की बात करने की बात कही। इसका बकायदा विडियो सोशल मिडिया में वायरल हो रहा है जिसे देखकर पालकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और शिक्षक पर अब तक कार्रवाई नहीं हुआ है जिसके कारण एक दो दिन में कोई बड़े आन्दोलन करने की बात कही जा रही है।

## विडंबना : राजिम व नवापारा शहर से होकर गुजर रही ओवरलोड गाड़ियां पर कार्रवाई नहीं

# रेत से भरे 15 हाईवा को युवाओं व जनप्रतिनिधियों ने पहुंचाया थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर के बीच से रेत भरकर ओवरलोड चलने वाली हाईवा के खिलाफ मंगलवार को शहर के जनप्रतिनिधियों और युवाओं का गुस्सा उबल पड़ा। हर दो मिनट के अंतराल में गुजरने वाली हाईवा को अंततः सड़क के ऊपर खड़े होकर रोकने के लिए ये युवा मजबूर हो गए। अंततः स्थानीय पुलिस और रायपुर के माइनिंग अधिकारियों को नवापारा पहुंचना पड़ा। इन सभी करीब 15 वाहनों के खिलाफ माइनिंग विभाग ने कार्रवाई कर थाने में खड़ा कराया। मालूम हो कि आस-पास के गांवों के नदियों में अंधाधुंध चेन माऊंटेन मशीन से नदी में रेत की खुदाई की जा रही है। अधिकांश खदानें अवैध चल रहे हैं और सारे खदानों की गाड़ियां राजिम और नवापारा शहर के बीचों-बीच होते हुए निकल रही है। जिसका कोई टाइमिंग नहीं है। रात तो रात दिन में भी लगातार एक के पीछे एक गाड़ियां तेज रफ्तार में निकलती है। नवापारा शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से लेकर मंडी मार्ग पर बेलाही घाट पुल तक सुबह 6 बजे से रात 10 बजे ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ उपाध्याय चौक से बेलाही घाट पुल तक सुबह 6 से रात 10 बजे तक है भारी वाहन प्रतिबंधित



### लोगों की नाराजगी देख अधिकारी ने की कार्रवाई



### ओवरलोड गाड़ियों को नहीं देंगे दौड़ने

नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, पूर्व पार्षद रमेश तिवारी, पूर्व पार्षद भूपेंद्र सोनी, पूर्व पार्षद रामा यादव, टिंकु संजीव सोनी सहित अनेकों युवा मंगलवार को सड़क पर खड़े हुए और माइनिंग तथा पुलिस विभाग को कार्रवाई के लिए मजबुर किए। तब कहीं जाकर कार्रवाई हुई। इन युवाओं का कहना है कि प्रतिबंधित समय में किसी भी हालत में ओवरलोड गाड़ियों को इस मार्ग से जाने नहीं देंगे। पूर्व पार्षद कांग्रेस नेता रामा यादव ने बताया कि सुबह 7:30 बजे इन गाड़ियों को जब हरिहर हाई स्कूल और काली माता मंदिर के बीच रोका गया तथा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। आधे घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची तब इन गाड़ियों को युवाओं ने थाने तक ले जाकर टिकाया। बहुत देर बाद रायपुर से माइनिंग अधिकारी पहुंचे और उन्होने कार्रवाई की। इस दौरान नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग भी थाने पहुंच गए थे।



# प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी किसान जला रहे हैं पराली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में प्रशासन के बार-बार चेतावनी और जागरूकता अभियानों के बावजूद किसान पराली जलाने से नहीं रुक रहे हैं। इन दिनों गरियाबंद - राजिम मार्ग के खेतों में पराली जल रहे थे। धान कटाई और मिजाई के बाद खेतों में पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्रशासन का कहना है कि पराली जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है और यह वायु प्रदूषण का मुख्य कारण बनता है। किसानों का कहना है कि पराली को नष्ट करने के लिए उनके पास सीमित विकल्प हैं। मशीनों की उपलब्धता और वैकल्पिक समाधान के अभाव में उन्हें इसे जलाना पड़ता है। वहीं, कुछ किसानों ने दावा किया कि पराली प्रबंधन के लिए दिए जाने वाले सरकारी उपकरण और अनुदान समय पर नहीं मिल पाते। प्रशासन ने साफ किया है कि पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए गांवों में निगरानी टीम ▶▶| शेष पेज 10 पर

# बहन पर हमला, गिरफ्तार

**छुरा।** बहन के ऊपर प्राणघात हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम आरोपी जीवन बंजारे ने अपने लड़की को घरेलु बात को लेकर गाली गलौच कर मारपीट करने लगा। जिस पर आरोपी की बहन गाली गलौज करने से मना की तो आरोपी जीवन बंजारे द्वारा हत्या करने की नियत से अपनी बहन के सिर पर टंगिया से प्राण घातक वार किए जिससे गंभीर चोंट आई आहत को परिजनों के द्वारा ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरा लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा त्वरित ईलाज किया गया। प्रार्थी गंगाराम बंजारे पिता सरदारी बंजारे जाति सतनामी उम्र 56 साल साकिन हीराबतर थाना छुरा के रिपोर्ट पर थाना छुरा में अपराध धारा 296,115(2),109 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक दिलीप मेश्राम थाना प्रभारी थाना छुरा एवं स्टाफ के द्वारा उक्त प्रकरण में आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम एवं जय प्रकाश मिश्रा, धनुष निषाद आरक्षक डिगेश्वर साहू, रिजवान कुरैशी, अखिलेश वैष्णव, राजकुमार मरकाम, अवध पटेल की विशेष भूमिका रही। .



# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को जनदर्शन में जिले के अलग- अलग क्षेत्र से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 77 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं, जैसे भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, पीएम आवास, वनअधिकार पट्टा एवं अन्य विषयों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रकरणों का निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि आमजन को उनकी समस्या एवं शिकायतों का निराकरण हो सके। जनदर्शन में ग्राम कोपरा के तुलेश्वर ने अन्तरजातीय विवाह अनुदान हेतु , ग्राम पाण्डुका की मोंगरा बाई पटेल ने पीएम आवास दिलाने, ग्राम तर्रा की रुखमड़ी ▶▶| शेष पेज 10 पर



जनदर्शन में मिले 77 आवेदन



### 26 किसानों ने कराया फसल बीमा

**पाण्डुका।** क्षेत्र के ग्राम रजनकटा, खट्टी के 26 किसानों ने फसल का बीमा कराया। इसमें प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा में चना फसल के लिए किसानों ने 16.20 हेक्टेयर रकबा में अपनी फसलो का बीमा कराया। वहीं देखा जाए तो पाण्डुका क्षेत्र में किसान ▶▶| शेष पेज 10 पर


बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है। बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542


## लंबित प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण, सेचुरेशन शिविर में लाएं प्रगति

# 70 प्लस बुजुर्गों का बनाएं आयुष्मान वय वंदना कार्ड : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

देश के 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिए जाने के लिए आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इसके माध्यम से 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिको को 5 लाख रुपए तक चिकित्सा बीमा प्रदाय किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज समय-सीमा की समीक्षा बैठक में जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए अभी तक बनाए जा चुके स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी ली। उन्होंने जिले के 70 साल के सभी बुजुर्गों को इस सेवा का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उक्त आयु वर्ग के सभी बुजुर्गो का अच्छे से सर्वे कार्य कर स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाए। इसके लिए वृहद अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को इस सेवा का लाभ के बारे में जानकारी दिया जाए। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को उनके गांव में 70 साल से अधिक बुजुर्गो का च्वाईस सेंटर के माध्यम से वय वंदना कार्ड बनाने में सहायता करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में समय-सीमा में लंबित विभिन्न प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सलाह भी प्रदान किये। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को सही समय में तेजी से निराकृत करे, जिससे आमजनों के शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। इस दौरान बैठक में सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

■ कलेक्टर अग्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश



### राशन कार्डों के ई-केवायसी की ली जानकारी

कलेक्टर ने बैठक में लोगों को योजनाओं से शत- प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से छुटे हुए पात्र लोगों के लिए विशेष रूप से लगाये जा रहे सेचुरेशन कैम्प में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सेचुरेशन कैम्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कैम्प की नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रगति रिपोर्ट भी समय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्डों के ई-केवायसी की भी जानकारी ली। उन्होंने ई-केवायसी के लिए बचे हुए हितग्राहियों को जागरूक कर इस कार्य को तेजी से सम्पन्न करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गौरव गरियाबंद अभियान, धान खरीदी, केन्द्रों में बारदानों एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था, मीलरों द्वारा चावल जमा की स्थिति एवं विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।


पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

**खबर संक्षेप**



## लाईवलीहुड कॉलेज में हुई रंगोली प्रतियोगिता

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में 180 हितग्राहियों को डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, रिटेल सेल्स एसोशियेट, ब्युटी थेरेपिस्ट, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट एवं सिलाई के कोर्स में आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, उक्त प्रतियोगिता में हितग्राहियों द्वारा बेटी बचाओं-बेटी पढाओं, महतारी वंदन योजना, आवास योजना, नल जल योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं गतिविधियों के बारे में रंगो के माध्यम से बताया गया। प्रतियोगिता में उप संचालक जिला पंचायत सुश्री अंजली खलखो निर्णायक के रूप में उपस्थित हुई। उल्लेखनीय है कि 20 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियां जैसे- मेहंदी प्रतियोगिता, सुशासन पर वाद-विवाद, सुशासन पर संगोष्ठी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

## न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी परोसी गई



**छुईहा बेलर।** प्राथमिक पाठशाला शाला बेलर एवं सरस्वती शिशु मंदिर -बेलर में स्कूल के बच्चों को शनिवार को न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में बच्चों को चावल, सब्जी, खीर, पुड़ी परोसा गया। न्योता भोज सुशीला साहू की स्मृति में विष्णु साहू द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर रेखा साहू, किरण साहू, संगीता यादव, संकुल समन्वयक गैंदु राम पटेल, प्रधान पाठक नंदकुमार निषाद, विष्णु राम साहू, खोमन राम साहू, रेखा साहू, तेज राम साहू, साधु राम साहू अनिल कुमार साहू, साहू,गगन साहू, कार्तिक साहू, कल्याणी साहू, प्राथमिक,सरस्वती शिशु मंदिर के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने से बिगड़ी व्यवस्था


**रायपुर।** धान खरीदी केंद्र में धान का उठाव नहीं होने से व्यवस्था बिगड़ गई है। 75 प्रतिशत केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान जाम है। सहकारी समिति कर्मचारियों ने बफर लिमिट से अधिक का टीओ जारी नहीं होने पर 10 दिसंबर से खरीदी बंद रखने का निर्णय लिया है और नोटिस चस्पा दिए हैं। इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि, धान खरीदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है कोई भी सरकार आए धान खरीदी होगी ही कोई सरकार आए प्राथमिकता में रहेगी ही फिर भी वर्तमान सरकार बगैर तैयारी के धान खरीदी कर रहे है खरीदी प्रारंभ के पहले कोई व्यवस्था नहीं किया है, ये परिस्थितियों के लिए सरकार जिम्मेदार है।

# भाजपा के शासन में किसान हैं त्रस्त, धान बेचने के लिए भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

**ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर निराकरण की मांग की**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना कार्यक्रम मंडी गेट के सामने किया गया एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर किसानों की समस्या का निराकरण की मांग की गई, कार्यक्रम में शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया गया एवं उपस्थित सभी पदाधिकारी, किसानों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बाल मुकुंदमिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी नथमल शर्मा एवं चमन साहू, मन्नू लाल चौहान ने अपनी बात रखी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि भाजपा के शासन में किसान एक साल में त्रस्त हो गए हैं और अपने धान बेचने के लिए भटक रहे हैं,



### केंद्रों में परिवहन के अभाव में धान रखने की जगह नहीं

इसके अलावा टोकन के लिए भी लिमिट कर दिया गया है। ऑनलाइन टोकन के पश्चात किसानों को भटकना पड़ रहा है। प्रतिदिन किसान मंडी से वापस लौटना पड़ रहा हैं एवं ऑनलाइन टोकन में लिमिट लोगों का टोकन करता है एवं केंद्रों में परिवहन के अभाव में धान रखने की जगह नहीं है और समितियां के अलावा आसपास के मैदान में धान खरीदी करना पड़ रहा है जिसे समिति को अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था करना पड़ता है जिसका भार समिति को उठाना पड़ता है। उन्होंने सभी मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौप कर समस्याओं को निराकरण की मांग की है। प्रमुख रूप से बालमुकुंद मिश्रा, नथमल शर्मा, समद खान, मक्कू दीक्षित, यशपेंद्र शाह, रमेश शर्मा, चमन साहू, संतन सिंह ठाकुर, बुढ़ान ध्रुव, पंचराम ठाकुर, पंचराम टंडन, न्याज अहमद, हरि सिन्हा, हरीश यादव, रिखीराम यादव, गणेशी बाई, कचरा बाई, सत्या बाई, दिलीप बघेल, शैलेन्द्र दीक्षित, मन्नू चौहान, जयराम जगत, केशव चंद्राकर, भानु वर्मा,थानू तारक एवं युवा कांग्रेस के भागीरथी सिन्हा , ईस्माइल मेमन गजेन्द्र साहू,राजू निषाद उपस्थित थे।

वर्तमान में किसानों के पास समस्या ही समस्या है, वर्तमान सरकार ने घोषणा पत्र में 3100 धान खरीदने का वादा किया था किंतु अब धान खरीदी में 2320 का भुगतान कर रहा है। शेष राशि किश्त में प्रदान करने की बात कर रही है साथ ही साथ केंद्र सरकार द्वारा धान में 112 रुपए की बढ़ोतरी की गई है उसे भी प्रदान नहीं किया गया है। सभी को मिलाकर 3212 रुपया किसानों को मिले यह मांग कांग्रेस द्वारा लगातार उठाया जा रहा है साथ ही साथ उन्होंने कहा कि बोरा की समस्या बने हुए हैं किसानों को अब खुद का बोरा लेकर धान बेचने पहुंचना पड़ रहा है और 25 के कट्टा को 35 से 40 में खरीदना करना पड़ रहा है। साथ-साथ किसानों को शासन कब भुगतान करेगा यह भी तय नहीं हो पाया है एवं बाजार में भी कट्टा का रेट बढ़ गया है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नाम ज्ञापन सौंपा

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर, तूता में किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के नगरीय निकायों के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बेमियादी धरना दे रहे हैं। धरना प्रदर्शन के सातवें दिन बस्तर संभाग से पहुंचे प्लेसमेंट कर्मचारियों ने धरना स्थल पर प्रदर्शन कर नगरीय निकायों में ठेका प्रथा समाप्त कर निकायों में समायोजन कर विभाग से वेतन भुगतान की मांग करने जुटे।

नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेश भर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपने लंबित मांगों को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद कर्मचारी 3 दिसंबर से काम ठप कर हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की मांग को पूरा किये जाने नगर निगम रायपुर के अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने समर्थन दिया है। संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों को पूरा किये जाने समर्थन दिया है। प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की प्रमुख मांग है शासन के अन्य विभाग जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, पीएचई, वन विभाग की तर्ज पर नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों से सीधे वेतन भुगतान किया जाए। निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपए दिया जाए।



### 15-20 साल से काम कर रहे, उचित पारिश्रमिक नहीं

भुक्तभोगी प्लेसमेंट कर्मचारियों का कहना है विगत कई वर्षो से वे अपनी मांग शासन-प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं, पर आज तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया। 8 घंटे की डयूटी में उनसे 10 से 12 घंटे कार्य कराया जाता है, जिसका उचित पारिश्रमिक भी उन्हें नहीं मिल पाता। कम वेतन में घर चलाना मुश्किल हो रहा है, जबकि शासन-प्रशासन के योजनाओं का प्रशासनिक स्तर पर बहुत सारा कार्य प्लेसमेंट कर्मचारियों के माध्यम से होता है। जैसे वर्तमान में महतारी वंदन योजना, निर्वाचन कार्य, जनगणना कार्य, जातिगत सर्वे कार्य के अतिरिक्त अन्य योजनाओं कार्य नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी कराते रहे हैं। इसके बाद भी प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है। इससे प्रदेशभर के नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

### ऑनलाइन कार्य का पटवारियों ने किया विरोध, भत्ता सहित जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने की मांग



रायपुर। राज्य शासन ने राजस्व विभाग में ऑनलाइन कामकाज को लागू कर दिया है। पटवारियों को भुइंया साफ्टवेयर में भूमि स्वामियों के दस्तावेजों को ऑनलाइन अपडेट करने की अनिवार्यता कर दी गई है। इस कार्य का राजस्व पटवारी संघ ने विरोध किया है। साथ ही ऑनलाइन कामकाज के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही राज्य शासन से इंटरनेट भत्ते की मांग की है। भत्ता व जरूरी संसाधन उपलब्ध न कराये जाने के विरोध में सोमवार को प्रदेशभर के पटवारियों ने काला कपड़ा पहनकर प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ ने जिले की कार्यकारिणी के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पटवारियों को ऑनलाइन कार्यों में हो रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

### चेतावनी में इस तरह की जानकारी

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर पटवारियों ने सोमवार को जिला कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा। जिसमें संघ ने इस तरह की चेतावनी दी है -

- 15 दिसंबर तक आवश्यक संसाधन उपलब्ध न कराये जाने की दशा में प्रदेश के सभी पटवारी ऑनलाइन कार्यों व ट्रेनिंग का बहिष्कार कर विरोध जताएंगे।
- 16 दिसंबर से प्रदेश के सभी पटवारी सभी प्रकार के शासकीय वाट्सएप ग्रुप से बहिष्कार करने बाध्य होंगे।

## वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में विभिन्न कॉलेजों के खिलाड़ियों ने दिखाया अपना जौहर




**छुरा।** दुर्गा महाविद्यालय रायपुर में इंटर कॉलेज वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन 6 दिसम्बर को किया गया। जिसमें विभिन्न कॉलेजों से आए खिलाड़ियों ने अपना अपना खेल का जौहर दिखाया। महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में अलग-अलग वजन वर्ग में खिलाड़ियों ने स्नैच एवं क्लीन एंड जर्क के साथ वजन उठाया। वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग के अंतर्गत 49 किग्रा वजन उठाकर कुमकुम ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कुमारी संध्या साहू 45 किग्रा भार वजन में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में देव कुमार निषाद पीजीडीसीए मैं अध्यरात है 61 किलो भार वजन में वजन उठाकर सिल्वर पदक पाया। वहीं पावरलिफ्टिंग पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया और बॉडीबिल्डिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। देवेंद्र कुमार वेटलिफ्टिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह सभी खिलाड़ी शासकीय कचना धुर्वा महाविद्यालय में अध्यनरत है यह सभी खिलाड़ियों ने महाविद्यालय नगर, जिला गरियाबंद का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीएच पटेल, प्रोफेसर गण खेल प्रभारी डीआर साहू, डॉ. विनीत कुमार साहू, सीपी सिंह, डीपी सिंह, रागिनी ठाकुर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया। यह सभी खिलाड़ी सेवानिवृत पीटीआई प्रमोद सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सुबह शाम ले रहे हैं। यह सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर में खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जो की वनांचल क्षेत्र से निकल कर बड़े शहरों तक अपनी खेल का उम्दा प्रदर्शन कर हैं। जिला गरियाबंद भारततोलन संघ के अध्यक्ष यशवंत यादव इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म प्रदान कर रहे हैं जो लगातार खिलाड़ी इस खेल में आगे बढ़ रहा है।

# कोसमबुड़ा के एकलव्य विद्यालय में 111 छात्र-छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा की 'चिरायु टीम- ए' द्वारा मंगलवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा में एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच करना और उन्हें टीबी (क्षय रोग) और चर्म रोग जैसी बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। चिरायु टीम के सदस्य, जिनमें डॉ. अमिताभ कुमार नागवंशी, डॉ. तेजस्विनी सागर, फार्मासिस्ट सुजाता मंडलोई, एएनएम मानबाई साहू और लैब टेक्नीशियन सियाराम सिन्हा शामिल थे, ने शिविर के दौरान अपनी सेवाएं प्रदान कीं।डॉ. तेजस्विनी सागर ने टी.बी. (क्षय रोग) के बारे में बताया कि यह एक गंभीर संक्रामक रोग है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में लगातार खांसी (तीन सप्ताह से अधिक), बुखार, वजन घटना, भूख कम होना और रात में पसीना आना शामिल हैं। उन्होंने टीबी से बचाव के उपायों में साफ-सफाई बनाए रखने, भीड़भाड़ से बचने और नियमित पौष्टिक आहार का सेवन करने की बात की।शिविर में यह खुशी की बात सामने आई कि विद्यालय में किसी भी छात्र या शिक्षक की टी.बी. रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं पाई गई।डॉ. अमिताभ कुमार नागवंशी ने चर्म रोग के बारे में जानकारी दी, जो त्वचा संक्रमण, एलर्जी या अन्य कारणों से होता है। इसके लक्षणों में खुजली, लाल चकत्ते, सूजन और फफोले पड़ना शामिल हैं। चर्म रोग से बचाव के लिए उन्होंने रोजाना स्वच्छता बनाए रखने, संक्रमित वस्तुओं का उपयोग न करने और संतुलित आहार का सेवन करने की सलाह दी।इस शिविर में बच्चों को इन बीमारियों से बचाव के सरल उपाय समझाए गए और उनकी समस्याओं का त्वरित इलाज करके दवाइयों का वितरण भी किया गया।




### बीमारियों से बचने का बताया उपाय

यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुआ। न केवल उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जांच की गई, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और बीमारियों से बचने के उपाय भी सिखाए गए। शिविर में विद्यालय के 111 छात्र-छात्राओं का परीक्षण किया गया।विद्यालय के जीव विज्ञान के शिक्षक मयंक यादव के प्रयासों से इस शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रभारी प्राचार्य प्रियेश तिवारी ने सफल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के लिए डॉक्टरों की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बनने मूंगफली की पैदावार में बढ़ोतरी जरूरी

**ग्राम बिजली के कृषकों को किया गया मूंगफली बीज का वितरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



राष्ट्रीय खाघ सुरक्षा मिशन योजना कलस्टर प्रदर्शन योजना के अंतर्गत ग्राम बिजली के किसानों को विशेष फसल योजना के तहत 30 क्विंटल 45 हितग्राही किसान मूंगफली की उन्नत किस्म लिपाक्षी बीज का निःशुल्क वितरण मंगलवार को पंचायत भवन बिजली में किया गया।

बीआर साहू वरिष्ठ विकास खण्ड कृषि परियोजना फिंगेश्वर ने बिजली कार्यक्रम में बताया कि ग्रीष्म कालीन धान के बदले मूंगफली की खेती से कृषकों को धान फसल की अपेक्षा काफी लाभ मिलेगा एवं कृषकों की आय में वृद्धि होगी, लगातार धान की खेती होने से भू-जल स्तर काफी घट रहा है ऐसी स्थित को ध्यान में रखते हुये वर्तमान में कृषकों को दलहन, तिलहन की खेती के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कहा कि जिस उम्मीद से किसानों को विभाग की ओर से बीज का वितरण किया जा रहा। उस बीज का ईमानदारी पूर्वक खेती कर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि कई किसान मूंगफली को बोने के बजाय खाने के प्रयोग में लाते हैं, जो बिल्कुल गलत है। ऐसा करने वाले किसान यदि जांच में पकड़े जाते हैं, तो उन पर कारवाई की जाएगी। उन्होंने वर्तमान में कृषक मित्र व पैक्सों के माध्यम से फसल बीमा कराए जाने की जानकारी देते हुए इसका लाभ किसानों को लेने पर जोर दिया। पूर्व सरपंच बिजली भाजपा नेता मोती राम निषाद ने कहा की तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए मूंगफली की पैदावार में बढ़ोतरी जरूरी है। खाद्य तेल में भारत आयात पर निर्भर है और अपनी जरूरत का 70 प्रतिशत खाद्य तेल अन्य देशों से आयात करता है। यहीं वजह है कि सरकार मूंगफली की खेती पर जोर दे रही है। मूंगफली एक तिलहनी फसल है और इसकी खेती को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार प्रोत्साहित कर रही है और किसानों को मदद भी दे रही है। बीज के वितरण के समय कीर्ति निषाद सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर, देमीन पीला चंद माण्डले ग्राम सरपंच,नंदू यादव पंच, वरिष्ठ भाजपा लिखन राम निषाद, दयाराम साहू, कमलेश साहू ,मोती राम निषाद पूर्व सरपंच भय्या राम निषाद, केआर वर्मा ग्रामिण कृषि विकास अधिकारी, तरुण साहू उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### छात्राओं ने रो-रोकर...

दो गुटो में बटे नजर आए। जिसके लिए स्थानीय पालकों ने आरोप लगाया कि यहां शिक्षक- शिक्षकों की लड़ाई में हमारे पढ़ाई करने वाले बच्चे दो गुटो में बटे नजर आ रहे है यदि इस मामले में तत्काल कार्रवाई नहीं किया गया तो कोई बड़ी घटना घट सकती है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मांग किया है कि इस विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए यहां के स्कूल के शिक्षकों को अन्य स्कूल स्थानांरित किया जाय नहीं तो आने वाले समय में इसका गंभीर परिणाम देखा जा सकता हैं।

**जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा- जांच कमेटी बनाई गई है-** जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके सारस्वत ने बताया छात्रों की शिकायत पर जांच टीम गठित की गई है और कल जांच टीम विद्यालय पहुंचेगी।

**मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई हो-** जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बच्चों को समझाया की आज स्कूल में बच्चों के बीच हंगामा होने की खबर लगते ही तत्काल जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम वरिष्ट नागरिक नंद किशोर चौबे, कांग्रेस महामंत्री गैंदु यादव, तनवीर राजपूत, डोमार साहू, बृज सोनवानी, सोनु यादव, दीलीप साहू, पूर्व सरपंच सरीता सेन, रामदास वैष्णव एवं स्थानीय पत्रकार वरिष्ट नागरिकगण तथा बीईओ महेश पटेल, बीआरसीसी, शिवकुमार नागे एवं नगर के लोग पहुंचकर स्कूली बच्चों को समझाया साथ ही सभी बच्चों को स्कूल कक्षाओं में भेजा और इस मामले का जल्द ही निराकरण करने की बात पालको व वरिष्ठ नागरिको ने कही है साथ ही कल बुधवार को जनभागीदारी समिति की बैठक बुलाई गई है। जनभागीदारी समिति मैनपुर हायर सेकण्डरी स्कूल के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा बच्चो की हंगामा लगते ही स्कूल जाकर बच्चों को समझाया गया है। उन्होने कहा की शिक्षक शिक्षिकाओ की आपसी लड़ाई में हमारे बच्चे आपस में लड़ रहे है जब इस मामले की शिकायत किया गया है तो इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हो उन पर कार्यवाही होनी चाहिए पालक अपने बच्चो को स्कूल पढ़ाने के लिए भेजते है यहां लड़ाई का अखाड़ा बना दिए है। श्री शर्मा ने आगे कहा इस पूरे मामले की शिकायत रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से किया जायेगा। जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा की हमारे क्षेत्र के बच्चे काफी सीधे साधे है और पालक उन्हे शिक्षा ग्रहण करने भेजते है आज देखने को मिला कि शिक्षको की आपसी लडाई में हमारे बच्चे पीस रहे है जो गलत है ऐसा नही होना चाहिए।

### रेत से भरे 15...

तक के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। चूंकि ये रिहायसी इलाका है बावजूद रात भर तो ये गाड़ियां चल रही रही है, सुबह से भी इनका ढर्रा चालु हो जाता है। ये गाड़ियां इतनी रफ्तार में रहती है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कई घटना घट भी चुकी है। हरिहर स्कूल के ठीक सामने एक व्यक्ति की मौत कुछ महीने पहले हुई है। साल भर पहले नगर पालिका चौक से थोड़ा आगे तीन लोगो को अपनी चपेट में तेज रफ्तार गाड़ी ने ले ली थी जिसमें तीनों की जान मौके पर ही चली गई थी। इस तरह एक नहीं कईयो दुर्घटनाएं हो चुकी है।

### प्रशासन की सख्ती...

बनाई गई है और दोषियों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। **पर्यावरणविदों की चेतावनी-** पराली जलाने से वायु प्रदूषण के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने की आशंका है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रशासन और किसानों को मिलकर समाधान निकालने की जरूरत है। सरकार और प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे पर्यावरण और अपनी जमीन की उर्वरता को बचाने के लिए पराली जलाने की बजाय वैकल्पिक तरीकों को अपनाएं।

### जनदर्शन में कलेक्टर...


बंजारे ने आवास की राशि दिलाने, ग्राम मजरकट्टा के देवलाल ने जाति प्रमाण पत्र, ग्राम हिराबतर के पिरीथ राम ने ट्रायसकल प्रदाय करने, ग्राम मैनपुर खुर्द के रुदेशवर साहू ने बिजली बिल में सुधार करने व मीटर लगाने, ग्राम सड़कपरसूली की केशरी बाई यादव ने दूसरे के बैंक में पैसा जाने के लिए, ग्राम साजापाली के मोहन पटेल ने पट्टा प्रदाय करने, ग्राम बिजली के रविकुमार साहू ने जमीन की सीमांकन कराने, ग्राम मुरमुरा अशोक कुमार यादव ने मुरमुरा बीट में अग्निसुरक्षा रखने, ग्राम हरदी के दशरथ ने नेशनल पेन्सन सिस्टम सर्विसिज लिमिटेड के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### 26 किसानों ने...

अब दूसरी फसल लेने में भी जागरूक हो रहे है। जिसमे अपनी खरीफ फसल में हरहुना किश्म की फसल लगाते है और कम समय फसल की कटाई के चना की खेती भी अच्छी से कर लेते हैं जिसमे अच्छी आमदनी कमा लेते जिसके बाद रबी फसल और लेने के लिए रोपाई करते हैं। इससे पाण्डुका क्षेत्र में एक साल में किसान 3 फसल ले रहे है। और बीमा कराने जागरूक हो रहे है। इस मौके पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सरोज केंवट रजनकटा, खट्टी की किसान मौजूद रहे।

# 7 एनएसएस स्वयंसेवक सम्मानित

**छुरा।** जिला स्तरीय एकदिवसीय पूर्व स्वयंसेवक सम्मलेन एवं सम्मान समारोह का आयोजन जिला संगठक डॉ. समीक्षा चंद्राकर के मार्गदर्शन में पूर्व स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम किरवई राजिम में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य रासेयो अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई, अध्यक्षता यथार्थ शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत किरवई, विशिष्ट अतिथि डॉ. मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक महासमुंद थे। डॉ. मालती तिवारी ने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ एकजुट करेगा बल्कि एक नया आयाम लेगा युवाओं को आगे लाने का। इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय है। संतोष सोरी ने राज्य रासेयो अधिकारी से अपील की है कि छत्तीसगढ़ में बेस्ट स्टेट वालंटियर अवॉर्ड की आयु सीमा पच्चीस वर्ष से बढ़ाकर अट्ठाइस वर्ष तक किया जाए। कार्यक्रम में उन स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विभिन्न शिविरों में भाग लेकर जिला और कॉलेज का नाम रोशन किया। इनमें राष्ट्रीय एकता शिविर, गणतंत्र दिवस परेड और साहसिक शिविर के प्रतिभागी शामिल थे।शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के सात होनहार रासेयो स्वयंसेवक जो राष्ट्रीय स्तर पर जाकर महाविद्यालय के साथ साथ गरियाबंद जिला का नाम रोशन किया है। जिनमें राष्ट्रीय एकता शिविर में चयन होने वाले स्वयंसेवक संतोष सोरी, देवकी ध्रुव, पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए गोमती ध्रुव, खगेश कोशले, चांदनी ठाकुर, पूर्णिमा सिन्हा, तथा साहसिक शिविर के लिए ओंकार निषाद को सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त, अपर कलेक्टर राकेश गोलछा ने करियर गाइडेंस पर व्याख्यान दिया, जो युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ।उक्त कार्यक्रम में रात्रिकालीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भी स्वयंसेवकों ने भाग लिया ।जिसके लिए कचना धुरवा महाविद्यालय के प्राचार्य सी एच पटेल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनित कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक डी पी सिंह, डीआर साहू, डॉ. सीपी सिकरवार, रागनी ठाकुर समेत पूरे महाविद्यालय के स्टाफ ने बधाई दिया है।



## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को केवीके के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया

**फिंगेश्वर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र फिंगेश्वर गरियाबंद के चतुर्थ वर्ष के छात्र -छात्राओं को महाविद्यालय के रावे रेड्डी कार्यक्रम के अंतर्गत दो सप्ताह के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, भलेसर महासमुंद में दिनांक 10 दिसंबर से 23 दिसंबर तक अनुलग्न (अटैचमेंट) किया गया है, जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के विभिन्न इकाइयों का भ्रमण एवं विस्तृत जानकारी के साथ केवीके में चल रहे समस्त परियोजना एवं प्रसार तथा अनुसंधान से संबंधित समस्त पहलुओं पर विस्तार से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया जाएगा। इस दौरान केवीके के प्रक्षेत्र अधिकारी कमलकांत लोधी द्वारा विद्यार्थियों को केवीके के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया और कृषि संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। छात्रों ने प्रैक्टिकल के माध्यम से नींबू वर्गीय पौधों में एयर लेयरिंग की तकनीक को जाना एवं उसके महत्व को समझा।इस भ्रमण का आयोजन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश शर्मा एवं पाठ्यक्रम समन्वयक लेख राम वर्मा के निर्देशन में सहायक प्राध्यापक सत्येंद्र पाटले,डॉ. सुमन रावटे एवं डॉ कुंतल साटकर द्वारा आयोजित कराया गया। इस भ्रमण में महाविद्यालय के 17 छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित हुए।

### शौचालय हितग्राही विश्वनाथ का किया गया सम्मान



**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत चरभट्ठी पंचायत भवन में विश्व शौचालय दिवस मंगलवार को मनाया गया। सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू ने कहा की स्वच्छता और शौचालय सुविधाओं की महत्ता को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान के तहत 10 दिसम्बर से हितग्राही सम्मान का विशेष कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शौचालय के महत्व को समझाना और स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर सरपंच ग्राम पंचायत चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, उपसरपंच गोवर्धन पूजा, सचिव चरभट्ठी यशवंत साहू, धनाजी साहू, पार्वती साहू, प्रेमिन साहू,लोचन यादव, पुष्पा साहू, विश्वनाथ साहू, छन्नु साहू, उपस्थित थे।

### गीता जयंती आज

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 11 दिसंबर को गीता जयंती मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे योग-भवन से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। दोपहर 4 बजे से 7 बजे तक श्रीमद्भगवद गीता का संपूर्ण पाठ होगा, रात्रि 7 से 8 बजे तक गीता पर स्वामी रामसुखदास जी महाराज की व्याख्या कृत प्रबोधनी गीता का पाठन होगा।

**धरना प्रदर्शन :** किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का गांधी मैदान में धरना जारी

# धरना प्रदर्शन में बारदाने की कमी, टोकन वितरण में अव्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक कांटों में गड़बड़ी के उठाए मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गरियाबंद द्वारा गांधी मैदान में जारी धरना प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। धरना प्रदर्शन में बारदाने की कमी, टोकन वितरण में अव्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक कांटों में गड़बड़ी, धान उठाव की धीमी प्रक्रिया और समर्थन मूल्य को लेकर वादाखिलाफी जैसे मुद्दे उठाए गए।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज खान ने कहा कि किसानों की समस्याएं अब गंभीर रूप ले रही हैं। धान खरीदी केंद्रों पर बारदाने की भारी कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में मुश्किल हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि टोकन वितरण की व्यवस्था पूरी तरह से अव्यवस्थित है, जिससे किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

धान खरीदी केंद्रों की स्थिति कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि धान उठाव की धीमी गति के कारण गोदामों में जगह की कमी हो गई है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक कांटों में वजन कम दिखाने की समस्या ने किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि किसानों के मुद्दों का समाधान न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। हाफिज खान ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है और उनकी समस्याओं को लेकर संघर्ष करती रहेगी। इस मौके पर मो. हाफिज खान, अमित मीरी, कल्याण कपिल, भानु सिंहा, हरिश देवांगन, मोहम्मद असगर खान, छबीराम नेताम, प्रदीप यादव, शुमान नागेश, आत्माराम मरकाम, देवेश सिंहा, नंदू गोस्वामी, बाबा सोनी, नंदनी त्रिपाठी, ज्योति सहनी, सविता गिरी और सुमन देवगन समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**समर्थन मूल्य 3217 रुपए प्रति क्विंटल की जाए-** धरना स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार राज्य सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। उनकी मांग है कि समर्थन मूल्य 3217 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए और किसानों के लिए बारदाने और टोकन की

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन तब तक चलता रहेगा, जब तक किसानों को उनके अधिकार नहीं मिलते। स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब यह केवल धरना प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जरूरत पड़ी तो सड़कों पर भी बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी।

## किसानों के साथ अब कोई भी छल सहन नहीं किया जाएगा : रूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस फिंगेश्वर के नेतृत्व में एक–दिवासी धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य धान खरीदी केंद्रों में फैली अवस्था और किसानों की परेशानियों को लेकर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करना था। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा किसानों की स्थिति अब बर्दाश्त करने योग्य नहीं रही।प्रदेश सरकार ने चुनावी वादों के बाद भी किसानों के लिए कुछ नहीं किया। धान खरीदी केंद्रों पर बारदाने की कमी टोकन वितरण में अवस्था और इलेक्ट्रॉनिक कांटों में 1.5 से 2.5 किलो तक की तौलाई में कमी ने किसानों के सामने और भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।यह भाजपा सरकार की निक्रियता का परिणाम है और हम किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे।

जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू,हरिशंकर श्रीवास्तव सुघरमल आड़े,ओमप्रकाश बंछोर, गैंदराम यादव,योगेश साहू,हेमलता सिंन्हा ने कहा कि धान खरीदी के मुद्दे पर सरकार की उदासीनता स्पष्ट है। किसानों के अधिकारों के लिए हम कांग्रेस पार्टी के झंडे तले इस आंदोलन को तेज करेंगे। हम किसानों की आवाज उठाने के लिए सड़कों पर हैं। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा किसानों के लिए काम किया है और हम उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।यह धरना सरकार को यह संदेश देने के लिए हैं कि हम तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक किसानों को उनके अधिकार नहीं मिलते। भाजपा सरकार ने किसानों के लिए जो वादे किए थे वह सिर्फ कागजी साबित हुए हैं। हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों के साथ खड़े हैं और सरकार से मांग करते हैं कि किसानों से उनकी पूरी धान खरीदी जाए साथ ही समर्थन मूल्य में उचित बढ़ोतरी की जाए।

### समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य सरकार उठाएं कड़े कदम

धरने के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस आंदोलन को प्रदेश भर में फैलने का संकल्प लिया और किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य सरकार को कड़े कदम उठाने की चेतावनी दी। कांग्रेस पार्टी ने इस धरने के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब तक किसानों को उनके अधिकार नहीं मिलते तब तक कांग्रेस पार्टी उनके संघर्ष में पूरी तरह से साथ रहेगी। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंग साहू,ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू,जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, सेवादल अध्यक्ष,सुघरमल आड़े,दानसिंग निषाद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरिशंकर श्रीवास्तव, ओमप्रकाश बंछोर, डेकेश्वर ठाकुर, अनिल चंद्राकर, पार्षद कमलेश कमलेश यद्दू, डॉक्टर दिलीप साहू, महिला ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता सिंन्हा, पार्षद सुनीता श्रीवास, धनराज सूर्यवंशी, गैंदलाल यादव, कमल भारती, शेषनरायण गुप्ता,तेजेश यद्दू टिकेश साहू,खिलेश साहू,मनोज सोनवानी, राजऋषि टंडन,जेठू बंजारे लक्ष्मण मांडले आशा धतलहरे, सरपंच सुंदर साहू देवानंद साहू, रेवा साहू, रूमन यादव साहू, मानसिंग साहू, सुदामा वर्मा, अशोक निर्मलकर, युवराज बंटी सिंन्हा, वासुदेव यादव, रमेश वर्मा, होरीलाल वर्मा, वीरेंद्र साहू, रमेश साहू, डॉ. राजेंद्र साहू, कस्तूरी तारक, नरसु ध्रुव, गौतम साहू, कुलेश्वर धनकर के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# त्रिदिवसीय शालेय स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई, 100 मीटर दौड़ में लिंकेश्वर आई प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में शालेय स्तरीय त्रिदिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न हुआ। अतिथियों ने विजेता छात्रों एवं टीमो को पुरष्कृत किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुनम यदु, संतोष पुरी गोस्वामी पार्षद, सुयश सोनी एवं एसएस कंवर प्राचार्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना व राजकीय गीत अरपा पैरी की धार के साथ हुआ। तत्पश्चात विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। आयोजन में 100 मीटर दौड़ ,200 मीटर दौड़ कबड्डी, भाला फेंक, खो खो क्रिकेट भी शामिल है। इस प्रतियोगिता के विजेता के नाम इस प्रकार हैं। 100 मीटर दौड़ में लिंकेश्वर प्रथम,लक्ष्य कुमार द्वितीय,200 मीटर दौड़ में लक्ष्य कुमार प्रथम,लिकेश्वर द्वितीय,मिडिल विभाग खो–खो में दिलेश्वर एवं साथी विजेता,कबड्डी में भावेश एवं साथी विजेता रहें।हायर सेकेंडरी विभाग क्रिकेट मे ओम पटेल चोवाराम की टीम विजेता रहे। कबड्डी में सूरज, राजेश साहनी की टीम विजेता रहे। भाला फेंक लीलेश कुमार प्रथम स्थान पर रहे ।कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों एवं पीटीआई शिक्षकों को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों द्वारा पुरष्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूनम यदु ने कहा कि जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। हमें पढ़ाई के साथ साथ शालेय गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।क्रीडा प्रतियोगिता से शरीर में स्फूर्ति,उत्साह का संचार के साथ साथ शारीरिक,मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है।उन्होंने आगे कहा कि इस शाला में वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता 4 साल बाद हुआ है अब आने वाले समय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम भी होगा।संस्था के प्राचार्य एस.एस.कंवर ने कहा कि हमें खेल खिलाड़ी भावना के साथ खेलना चाहिए।एक अच्छे खिलाड़ी बनकर शाला,जिला एवं राज्य का नाम रोशन जरुर करें।कार्यक्रम का संचालन सूरज कुमार साहू (व्यावसायिक शिक्षक) एवं आभार प्रदर्शन अशोक सोनवानी(संकुल समन्वयक) ने किया।

इस अवसर पर कीड़ा प्रभारी उत्तम सिंह राजवंशी,प्रधान पाठक भीखम लाल सिन्हा,व्याख्याता यशोदा द्वेदी,दुर्गा प्रसाद तारक, वंदना अग्रवाल, किरण साहू, तुकेश कुमार धुरव, मनोज कुमार निषाद, मिलाप कुमार तांडी, चंद्रिका साहू, शीला दुबे, सावित्री साहू, सुख सागर डहरिया, आकाश देवांगन, लक्ष्मी लहरे, मीनाक्षी ठाकुर, सियाराम सिन्हा, नंद कुमार साहू, सूरज साहू, डायमंड साहू, अंशु देव सेंडे, संजना अंगारे, पीटीआई शिक्षक रमीज खान, वेद राम ध्रुव, दीप कुमार बांधे, ओमप्रकाश दीवान का सराहनीय योगदान रहा।

# खेलों में लक्ष्य बनाकर प्रदर्शन करने से निश्चित है सफलता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

एंजेल एंग्लो हाई स्कूल में वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्रों को चार समूहों - रेड, येलो, ग्रीन, और ब्लू में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें खो-खो, कबड्डी, बैलून रेस, रिले रेस, वॉलीबॉल, 1 मिनट गेम, और जलेबी इन-आउट शामिल थे। बच्चों ने बढ़-चढ़कर इन खेलों में हिस्सा लिया और अपनी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया।

स्कूल के प्राचार्य स्टेफ़ड बंस ने छात्रों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, खेल हमारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं। ये हमें अनुशासन, संघर्ष, और टीमवर्क सिखाते हैं।/" उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों में लक्ष्य बनाकर प्रदर्शन करने से सफलता निश्चित है। रेड ग्रुप की इंचार्ज प्राची कुटारे और नवलेकर, येलो ग्रुप की अंशु बखरिया और दामेश्वरी मैडम, ग्रीन ग्रुप की उमा मैडम और चूलेश्वरी, तथा ब्लू ग्रुप की शोभा मैडम और विमला मैडम ने अपने-अपने समूहों को बखूबी निर्देशित किया। अंततः येलो ग्रुप ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि ग्रीन ग्रुप दूसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक महेंद्र सिंह राजपूत, चमन साहू, संतोष निराला, निलेश त्रिपाठी, और चिराग नेताम रहे। विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राची कुटारे ने बच्चों और अभिभावकों को खेलों को हार-जीत से ऊपर समझने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, बच्चों पर जीतने का दबाव न डालें, बल्कि उन्हें खेल से सीखने और आनंद लेने का अवसर दें। समारोह के दौरान छात्रों का उत्साह चरम पर था, और स्कूल प्रबंधन ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

**मार्केट में 30 रूपए किलो तक बिक रहा चरोटा**

# बंजर जमीन की खरपतवार चरोटा की विदशों में बढ़ी पूछ-परख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्रामीण क्षेत्रों में बंजर जमीन को हरा-भरा कर सोने उगलने वाली खरपतवार चरोटा की विदेशों में काफी पूछपरख है। जानकार व्यवसायी इसे विदेश पहुचा रहें हैं। चरोटा का पौधा व बीज भले ही आम लोगों के लिए खरपतवार है, लेकिन विदेश में बीज व दाल की डिमांड खूब है। यह पौधा शहर व गांव में बंजर जमीन और सड़क के किनारे प्राकृतिक तौर पर उगता है। इसे उगाने के लिए हल चलाने की जरूरत नहीं है, और न ही किसी प्रकार के धन व मेहनत खर्च करने की नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में धान लुआई के बाद गांव की महिलाएं चरोटा की लुआई कर अपने घर या सड़कों में रख देते हैं जो आने जाने वाले चारपहिया वाहन से दबकर इसका बीज अलग हो जाता है, और फिर इसे साफ कर लेने वाले व्यापारी के पास बेच देते हैं। चरोटा बीज लेने वाले व्यापारी हरिहरदेव यादव, दिलीप जायसवाल, इकबाल मेमन, भूपेंद्र यादव, महेशदास मानिकपुर ने बताया कि चरोटा का बीज कीमती है, मशीन से उसे दाल बनाकर चाइना, जर्मनी और वियतनाम को भेजा जाता है। यह बीज से परिपूर्ण होता है। जिससे कई तरह की सामग्री बनती है। चरोटा बीज को वर्तमान में 25 से 28 रुपए प्रति किलो के भाव से खरीदी की जा रही है। ऊपर मार्केट में 30 रूपए किलो तक बिक रहा है। यह बीज बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्र से सबसे ज्यादा आवाक होती है। विदेश में कई मशीन व प्लांट लगी है, जिसमें विभिन्न प्रकार की सामग्री बनाईं जाती है।

**कास्मेटिक व औषधि निर्माण में उपयोगी-** उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के ग्रामीण इस पौधे के पत्ते का उपयोग भाजी की सब्जी के रूप में करते हैं। 5 से 6 साल पहले इसी चरोटा बीज को ग्रामीण नमक के बदले बेच देते थे। अब इसकी कीमत बढ़ने पर लोग पैसे से ही व्यापारी के पास बेचते हैं। जयासवाल ने बताया कि चरोटा की विदेश में बहुत मांग है, इसके बीज से कास्मेटिक, विभिन्न प्रकार के औषधि निर्माण केटलफीड (मुर्गी का दाना) काफी व कई सामग्री के निर्माण में उपयोग किया जाता है। पिछले दो-तीन साल पहले वह 10 से 15 रूपए किलो बिक रहा था, लेकिन मांग अधिक और पूर्ति कम होने के कारण कीमत बढ़ गया है। खुला मार्केट में प्रति किलो 28 रूपया है। चरोटा से अनेक प्रकार की औषधियों, खाद्य सामग्री, कई प्रकार के प्रोटीन युक्त पाउडर, काफी, बावासीर उपचार की दवाईयों सहित कई समाग्रियों के निर्माण में होता है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता के लिए किया गया सम्मानित

**छुईहा बेलर।** विश्व शौचालय दिवस ग्राम पंचायत खुटेरी के तत्वाधान में 10 दिसंबर को पंचायत भवन में हितग्राही सम्मान सम्पन्न हुआ। पंचायत सचिव नुतन साहू ने कहा कि हर साल 19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है जिसका 10 दिसम्बर को समापन हुआ है। जिसका उद्देश्य वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और तत्काल स्वच्छता संकट को दूर करने के लिए कार्रवाई करना है। 2013 से मनाया जाने वाला यह दिन सतत विकास लक्ष्य 6 के हिस्से के रूप में सुरक्षित और सुलभ शौचालय सुविधाओं के महत्व पर जोर देने के लिए समर्पित है। यह दिवस हैजा जैसी घातक बीमारियों के प्रसार को रोककर सार्वजनिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बनाए रखने में उचित शौचालय सुविधाओं की अपरिहार्य भूमिका को रेखांकित करता है।
स्वच्छता सेवाएं एक सुरक्षात्मक अवरोध के रूप में कार्य करती हैं, यह सुनिश्चित करती हैं कि मानव अपशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश न करें और समुदायों को खतरे में न डाले। इस मौके पर शौचालय हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नूतन साहू, बेनीशंकर साहू, डिगेश निषाद, हुमेशवर, हरिलाल निषाद, टिकेशवर साहू, लोकेशवर ध्रुव, नरायण साहू, पप्पू साहू, लेखूसाहू उपस्थित थे।

### 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ के लिए गांव-गांव जनसंपर्क



**रसेला।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गरियाबंद के तत्वावधान और जिला समन्वयक टीकम साहू के मार्गदर्शन में राष्ट जागरण 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 3 जनवरी से 6 जनवरी को गरियाबंद में किया जाएगा। इसके प्रचार प्रसार करने के लिए गायत्री परिवार रसेला ईकाई के परिजनों द्वारा प्रभातफेरी निकलकर व घर घर जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है। विभिन्न संस्कार जैसे गर्भवती माताओं, पुंसवन, बच्चों का मुंडन, विद्यारंभ, जन्मदिवस तथा युवाओं का दीक्षा संस्कार, विवाह संस्कार जैसे संस्कारों के महत्व एवं आधुनिक युग समय के आधार पर उपयोगिता को समझाते हुए पंजीयन भी किया जा रहा है। ज्ञान रथ को लेकर ग्राम मेडकीडबरी, कुडेरादादर, मुढीपानी, लादनपारा, फूलबाहरा, दादरगाव, सुरगपानी, पलेमा, छिदौली, पड्रीपानी गोड, कोडमाल, कनफाड, जिडार, मडवापथरा रूवाड, कोठीगाव सहित क्षेत्र में ठाकुर राम यादव, जगत राम यादव, चन्द्रकला यादव, दुलसिया यादव, तुलसी देवांगन, कुमारी पटेल, वर्षा ध्रुव, सरस्वती यादव, सुरेन्द्र ध्रुव, इन्दल ध्रुव, धनीराम यादव सहित सभी गायत्री परिजन जी जान से जन संपर्क व प्रसार प्रचार में जुटे हुए हैं।

### कार्यक्रम : विधायक साहू ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# गरीबों के हमदर्द थे शहीद वीरनारायण : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

उअंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत बिरनिबाहरा के आश्रित ग्राम नागिनबाहरा में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच हेम बाई चेतन ठाकुर, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य शांति बाई नागेश, उपसरपंच कलीराम कमार, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, मानसिंह निषाद आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम में अतिथियों का पारम्परिक बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम के पूर्व सभी ने शहीद वीरनारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पहले ग्राम के सभी महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोहित साहू ने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह हमारे प्रदेश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका था। वो जमींदार परिवार के थे और गरीबों के सच्चे हमदर्द थे जिन्होंने अंग्रेजों के खजानों को गरीबों में बांट दिया। अंतिम व्यक्ति की चिंता उन्होंने की और देश की रक्षा के लिए फांसी पर झूल गए। हमारे प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में सस्ते अनाज की योजना लागू हुई वो भी शहीद वीरनारायण सिंह के प्रेरणा से लागू हुई जिसके कारण आज प्रत्येक परिवार को सस्ता चावल मिल रहा है। उन्होंने इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों के साथ हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट तथा सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया व ग्रामीणों को शुभकामनायें दी।





### हम गांव में आकर दे रहे हैं विकास कार्यों की सौगात

विधायक रोहित साहू ने कार्यक्रम के दौरान इशारों ही इशारों में पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले के विधायक के पास 5 लाख रूपये के विकास कार्य के लिए पांच साल रायपुर दरबार में भटकना पड़ता था और अब हमारी सरकार में हम गांव में आकर विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं। पहले के विधायक को पांच साल खोजना पड़ता था अब मैं पहला व्यक्ति हूँ जो इस गांव में विधायक के रूप में आया हूं। उन्होंने नागिनबागरा मार्ग में गांव से पहले ग्राम कूड़ेमा और नागिनबाहरा के बीच पड़ने वाले नाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण कराने की घोषणा की और कहा कि डबल इंजन की सरकार में सभी विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। इस दौरान आसपास के गांवों के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## शहीद वीरनारायण सिंह के बलिदान को हमेशा किया जायेगा याद : लोकेश्वरी





### मैनपुर में आदिवासियों द्वारा भव्य रैली और रेलापाटा का किया गया आयोजन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में मंगलवार को शहीद वीरनारायण सिंह शहदत दिवस के अवसर पर आदिवासी युवा–युवती प्रभाग एवं सर्व आदिवासी विकास परिसद द्वारा विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे शहीद वीरनारायण सिंह के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर सामुदायिक भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति एवं सर्व आदिवासी समाज महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम, कार्यक्रम में विशेष अतिथि, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम थे। जनसभा को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति एवं सर्व आदिवासी समाज महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम ने संबोधित करते हुए कहा की शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जिन्होने गरीबो की भलाई और देश की आजादी के लिए अपने प्राणो की आहुति दी थी। वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जननायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे उन्होने सन 1856 के भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया मातृभूमि के प्रति समर्पण और उनका बलिदान हमेशा याद किया जायेगा। संजय नेताम ने कहा समाज के विकास और उत्थान के लिए सभी आदिवासी समाज के लोगो को एकजुटता के साथ मिलकर कार्य करना होगा। उमेन्दी कोमर्रा ने कहा की अमर शहीद वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंड़ा, गुण्डाधुर, वीरागंना रानी दुर्गावती जैसे आजादी के महानायको ने देश को स्वतंत्र कराने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है आज के युवाओ को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। शहीद वीरनारायण सिंह की शहदत दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा मैनपुर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई और जमकर आतिशबाजी किया गया तथा रेलापाटा नृत्य में आदिवासी नेताओ ने भी भाग लिया। बस स्टैण्ड मैनपुर में लगभग 1 घण्टे तक आदिवासी समाज के लोकनृत्य को देखने भारी भीड़ लगी रही। वहीं कई सांस्कृति कार्यक्रम का अयोजन किया गया और पूरे नगर का शोभायात्र भ्रमण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप सेआदिवासी विकास परिसद जिला अध्यक्ष उमेंदी कोमर्रा, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, संरक्षक महेन्द्र नेताम, धनसिंह मरकाम, चित्रसेन नागेश, महासचिव नरेन्द्र धव, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, पूर्व सरपंच मैनपुर नोकेलाल धव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सीयाराम ठाकुर, जनपद सदस्य देवीराम कमलेश, देवकी तिरधारी, रेणुका ठाकुर, निलम नागर, कलेन्द्री मरकाम, सीरमोतिन ध्रुव, सुभाष मरकाम, गोबरा के सरपंच रामस्वरूप मरकाम, थन्जूलता नेताम, विष्णु नेताम, युवराज नेताम, प्रताप सिंह मरकाम, कमलेश मांझी, थानु पटेल, नवतुराम, परदेशी राम, सुभाष मरकाम, गज्जू नेगी, हरिश्वर पटेल, लक्ष्मण कश्यप, अश्वत ध्रुव, गजेन्द्र पुजारी, भागसिंह, बिरेन्द्र ध्रुव, गजेन्द्र मरकाम, निरंजन मरकाम, मुकेश बिसेन, सुरेखा नागेश, अघन सिंह नागेश, अशोक मरकाम, तेजराम, कार्तिक, कुंजाम, भानुराम, पिताम्बर नाग, किसु ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# रसेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई, शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, छुरा के तत्वावधान में ग्राम चुरकीदादर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस समारोह का आयोजन प्राचार्य सीएच पटेल के संरक्षण में और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीत कुमार साहू के मार्गदर्शन में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत के उप सरपंच चरण सिंह मरकाम उपस्थित रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सीएच पटेल ने की। विशिष्ट अतिथियों में बलदेव नेताम, राम कुमार सोरी, अनिरुद्ध सोनवानी, रेखाराम नेताम (ग्राम पटेल), तुलाराम ठाकुर और पूर्णिमा देवांगन (शिक्षकगण) शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और तिलक के साथ रासेयो स्वयंसेवकों ने किया। सात दिनों तक चले इस विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव में विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियों का संचालन किया। स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें ग्रामीण जीवन और सामाजिक समस्याओं को करीब से समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीत कुमार साहू ने ग्रामवासियों के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया और सक्रिय भागीदारी दिखाई। शिक्षकों तुलाराम ठाकुर और पूर्णिमा देवांगन ने कहा कि इस शिविर ने गांव और स्वयंसेवकों दोनों में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद की।



### स्वयंसेवक उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

प्राचार्य सीएच पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रहित में कार्य करना और युवाओं का व्यक्तित्व विकास करना है। उन्होंने ग्रामवासियों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। ग्रामवासियों ने प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी और स्वयंसेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। स्वयंसेवकों को शिविर में हिस्सा लेने के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। ग्रामीणों के द्वारा सप्रेम भेंट के रूप में कॉपी और पेन प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन संतोष सोरी ने किया। समापन समारोह में सहायक प्राध्यापक डीपी सिंह, डीआर साहू, डॉ. सीपी सिकरवार, रागनी ठाकुर, रीना वर्मा, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख, महिला मंडल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी ने इसे सफल बनाया।

# किसानों की परेशानी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस दिया धरना, निकाली जंगी रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के दुर्गा मंच में मंगलवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा धान खरीदी केन्द्रो में हो रही किसानों की परेशानियों और सरकार के किसान विरोधी रवैये के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जंगी रैली निकाली गई। यह रैली नेशनल हाईवे होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंच कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा की पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्र में अव्यवस्था से किसान परेशान है भाजपा सरकार की कोशिश है कम से कम धान खरीदी किया जाय सोसायटी में बारदाना की कमी है जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा है। सरकार किसानों से धान खरीदना ही नहीं चाह रही है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने राज्य सरकार पर तिखा प्रहार करते हुए कहा सरकार किसानो से झुठा वायदा कर सत्ता में आ गई है 72 घंटा के अन्दर किसानों को धान का भुगतान देने का वायदा किया था लेकिन धान बेचने के बाद किसान भुगतान के लिए चक्कर लगा रहे हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से महामंत्री गैंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, एसएसयुआई अध्यक्ष सोनु यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, किसान संघर्ष समिति अध्यक्ष टीकम कपिल, डोमार साहू, तनवीर राजपूत, शाहीद मेमन, भानु सिन्हा, रोहन मरकाम, पारेश्वर नेगी, थानुराम पटेल, निहाल नेताम, पीलेश्वर सोरी, गजेन्द्र यादव, लोकनाथ साहू, बृजलाल सोनवानी, गंगाराम जगत, पूर्व सरपंच गयचंद कोमर्रा, जाड़ापदर सरपंच हरचंद ध्रुव, लोकेश साण्डे, कोमल ठाकुर, खेलन साहू, नेपाल सोरी, पवन जगत, दीवान, रामभरोसा, हरिश्वर पटेल, दुलेन्द्र नेगी, दयाराम यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन का संचालन महामंत्री गैंदु यादव ने किया तो वहीं अभार प्रदर्शन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने किया।

# वीरनारायण सिंह की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम जंवईबांधा में शहीद वीरनारायण सिंह जयंती मनाया गया। जिसमें सरपंच फुलेश्वर ध्रुव, सनत साहू, भोला ध्रुव, रंजीत यादव, दानी साहू, सोन्तम यादव, पुरूषोत्तम साहू, गोकुल साहू, पदमन पटेल, पुराणिक साहू, फुलसतु साहू, शिशुपाल यादव, धरम ध्रुव, बलराम ध्रुव, शेखर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।



# कवच की तरह है मानवाधिकार : डॉ. बी. भोल

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय के विधि संकाय एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की अध्यक्षता कुलसचिव डॉक्टर बी. भोल ने किया तथा मुख्य वक्ता के तौर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन के स्वामी तथा विशिष्ट वक्ता के तौर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी भोल ने कहा कि मानवाधिकार कवच की तरह हैं। वे आपकी रक्षा करते हैं, वे नियमों की तरह हैं, क्योंकि वे आपको बताते हैं कि आप कैसे व्यवहार कर सकते हैं; और वे न्यायाधीशों की तरह हैं, क्योंकि आप उनसे अपील कर सकते हैं। एक इंसान तभी इंसान कहलाता है जब उसके पास अधिकार हो। शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ एन के स्वामी ने मानवाधिकार सभी मनुष्यों में जन्मसिद्ध अधिकार के रूप में निहित हैं। मानव अधिकार समय की तरह होते है वे हम सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करते हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभाशीष विस्वास ने भारत में मानव अधिकार पर चर्चा की। विधि संकाय के छात्र यश वर्मा ने भारत में मानवाधिकार के उल्लंघन जैसे नस्लीय भेदभाव, महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव, बाल अधिकार, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों को बताया। इस कार्यक्रम में रूपेश, चिन्मया, सुशील,करन,केशव आदि छात्रों ने हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम का संचालन विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक आकाश गुप्ता ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष छायांगी महामला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विधि संकाय की सहायक प्राध्यापिका रागिनी सोनी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति बनी रही।



### पूर्व व वर्तमान स्वयंसेवक बड़ी संख्या में हुए सम्मिलित

# राष्ट्रीय सेवा योजना ने पूर्व स्वयंसेवकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

किरवई स्कूल में रासेयो के पूर्व स्वयंसेवकों द्वारा जिला स्तरीय सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गरियाबंद जिले के अंतर्गत उन स्वयंसेवको को एक मंच प्रदान करना था जिन्होंने एनएसएस के अंतर्गत अब तक राष्ट्रीय व राज्य स्तर के साहसिक शिविर, एनआईसी , आरडीसी आदि शिविरों में अपनी सहभागिता दर्ज कर अपना व अपने जिले संस्था को गौरवान्वित किया है। जिससे आने वाले स्वयंसेवक उनसे प्रेरणा ले सके। कार्यक्रम में जिले के सभी शासकीय, स्वशासी, विद्यालय व महाविद्यालय के पूर्व व वर्तमान स्वयंसेवक बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ ग्राम भ्रमण व विभिन्न चौक-चौराहों व हैंडपंप, रंगमंच, देवस्थल की साफ-सफाई के साथ किया गया। ग्रामवासियों को स्वच्छता का महत्व बतलाते हुए रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके अलावा सोहम हास्पिटल के सहयोग से ग्रामवासियों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन में 114 लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिला। अनुभवी डॉक्टर एवं उनकी टीम ने इस नेक कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख डॉ. नीता वाजपेयी मौजूद थी। विशिष्ट अतिथि डॉ. मालती तिवारी ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर सरपंच यथार्थ शर्मा व मार्गदर्शक डॉ. समीक्षा चंद्राकर जिला संगठक उपस्थित रहे। विधिवत रूप से सरस्वती पूजन व अतिथि स्वागत के उपरांत आयोजक मंडल द्वारा प्रतिवेदन पठन किया गया। अतिथियों के कर कमलों से सभी विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त स्वयंसेवकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




### सफलता के बताया मूलमंत्र

संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा ने स्वयंसेवकों को प्रतियोगी परीक्षाओं व कैरियर एवं व्यवहारिक जीवन में आने वाली चुनौतियों के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए समाज सेवा के साथ-साथ छात्र जीवन में अध्ययन में आने वाली चुनौतियां और भविष्य में प्रशासनिक सेवा परीक्षा में सफलता के मूलमंत्र बताया। उन्होंने जिज्ञासा व समस्याओं का समाधान करते हुए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न महाविद्यालय व विघालय के स्वयंसेवकों ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ विलुप्त होती जनजातीय संस्कृति के नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। शिविर में 175 स्वयंसेवकों मौजूद थे।

मुख्य अतिथि डॉ. नीता वाजपेयी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से जुड़े हुए स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को त्वरित लाभ के लिए एनएसएस में नहीं आना चाहिए बल्कि राष्ट्रीय सेवा योजना आपको स्व अनुशासित होना सीखाता है। यह आपको एक अलग पहचान दिलाता है। छात्रों की भीड़ में भी एनएसएस का स्वयंसेवक अलग से पहचाना जा सकता है। यह तत्कालीन जीवन में ही नहीं अपितु संपूर्ण जीवन में इसका प्रभाव परिलक्षित होता है। इस इकाई से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का विकास करते हैं जिससे पारिवारिक जीवन, व्यावसायिक जीवन में भी महत्वपूर्ण योगदान रखता है। विशिष्ट अतिथि मालती तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व स्वयंसेवकों का सम्मेलन नहीं अपितु एक परिवार का सम्मेलन है। ऐसा कार्यक्रम एक बार नहीं अपितु प्रतिवर्ष निरंतर किया जाना चाहिए। सरपंच यथार्थ शर्मा ने रासेयो को किरवई गांव को चयन करने के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि सदैव इस तरह के कार्यक्रम के लिए अपना सहयोग प्रदान करूंगा।

### स्व अनुशासित होना सीखाता है एनएसएस

